दिन– बुधवार दिनांक– 24 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

02. आम बजट में बिहार के लिए अंठावन दशमलव नौ हजार करोड़ रूपये के विशेष आर्थिक सहायता की घोषणा।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आम बजट विकसित भारत के लिए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट में बिहार के विकास के लिए किये गये प्रावधानों का स्वागत किया।

04. और, वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के बजट में रेलवे के लिए अब तक का सबसे अधिक दो लाख बासठ हजार दो सौ करोड़ रूपये का आवंटन।

---

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के आम बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एम एस एम ई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। श्रीमती सीतारामन ने कल लोकसभा में नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। इस बजट में कुल व्यय अड़तालीस लाख बीस हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये अनुमानित है।

---

वित्त मंत्री ने आम बजट में बिहार के चहुमुखी विकास के लिए अंठावन दशमलव नौ हजार करोड़ रूपये के विशेष आर्थिक सहायता की घोषणा की है। इसके तहत राज्य में विभिन्न विकास योजनाओं का कार्यान्वयन किया जायेगा। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बजट में राज्य में सड़क संरचना के विकास पर छब्बीस हजार करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पटना– पूर्णिया एक्सप्रेस वे, बक्सर–भागलपुर एक्सप्रेस वे, बोध गया, वैशाली तथा दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं के विकास और बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन वाला एक अतिरिक्त पुल बनाने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही इक्कीस हजार करोड़ रूपये की लागत से भागलपुर के पीरपैंती में विद्युत परियोजना लगायी जायेगी। बजट में काशी की तर्ज पर बोधगया में महाबोधि कॉरिडोर का विकास, राजगीर में सप्तऋषि योजना और नालंदा में पर्यटन के विकास के लिए भी विशेष प्रावधान किये गये हैं। वित्त मंत्री ने कहा है कि बिहार को बाढ़ की त्रासदी से बचाने के लिए नेपाल के साथ मिलकर कार्ययोजना बनायी जायेगी। बजट में कोसी–मेची नदी जोड़

परियोजना, नदी प्रदूषण न्यूनिकरण और सिंचाई परियोजनाओं के लिए ग्यारह हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। अमृतसर, कोलकाता, औद्योगिक गलियारे के भाग के रूप में गया में औद्योगिक क्षेत्र के विकास में सहायता प्रदान किये जाने की भी घोषणा की गयी है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————

बजट में कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए एक लाख बावन हजार करोड रुपये का प्रावधान किया गया है। बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्रप्रदेश को शामिल करते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए पूर्वोदय नामक योजना तैयार की जाएगी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह बजट विकसित भारत के लिए है जो चहुमुखी विकास सुनिश्चित करता है। ये समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं से करोडो युवाओं को फायदा होगा। श्री मोदी ने कहा कि बजट नए अवसर, नई ऊर्जा, नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है।

———बाईट———

देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो, इस दिशा में आज के बजट में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाना तय हुआ है। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना 25000 नए ग्रामीण क्षेत्रों को ऑल वेदर रोड से जोड़ेगी। इसका लाभ देश के सभी राज्यों के दूर–दराज गांवों को मिलेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट को सकारात्मक और स्वागत योग्य बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में बिहार की जरूरतों का ध्यान रखा गया है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार के लिए घोषित पैकेज का स्वागत करते हुये प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया है।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आम बजट को लोगों की अपेक्षा पूरी करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किये गये प्रावधान विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में मददगार होंगे। गया और बोधगया को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए की गई घोषणाओं का श्री मांझी ने स्वागत किया।

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बजट को संतुलित बताया है। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधानों से बिहार के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———बाईट— चिराग पासवान—— 27 सें.

———————————————————

कांग्रेस, राजद और वाम दलों समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट को निराशाजनक बताया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इस बजट में बिहार के लिए कुछ भी नया नहीं है। पुरानी योजनाओं को नए स्वरूप में पेश किया गया है। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने पर नाराजगी जताई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार विशेष पैकेज के नाम पर शुरू से ही बिहार के साथ धोखा करती रही है। उन्होंने कहा कि बजट में बिहार के हितों का ख्याल नहीं रखा गया है।

———बाईट———

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार पंद्रह में भी बिहार के लिए एक लाख पच्चीस हजार करोड़ रूपये के विशेष पैकेज की घोषणा की थी। आज तक उस पैकेज का कोई हिसाब—किताब नहीं दिया गया। बजट में घोषित पैकेज का भी यही हाल होगा।

———————————————————

आम बजट में बिहार के विकास को लेकर किये गये प्रावधानों का प्रदेश के लोगों ने स्वागत किया है। आकाशवाणी से बातचीत में विभिन्न वर्ग के लोगों ने प्रदेश को विशेष सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————

बजट में रेलवे के लिए अब तक का सबसे अधिक दो लाख बासठ हजार दो सौ करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट में रेलवे के लिए आवंटन को ऐतिहासिक बताया है।

---बाईट---

10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने रेलवे के लिए एक फोकस्ड ट्रेंड में मेहनत के साथ जो काम किया है उस काम को आगे ले जाने के भी इस रेलवे बजट में फोकस है। 2014 से पहले के 60 वर्षों में 20,000 किलोमीटर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। इन 10 वर्षों में 40,000 किलोमीटर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ। यानी 60 वर्ष में 20,000 किलोमीटर और 10 ईयर्स में 40,000 किलोमीटर का इलेक्ट्रीफिकेशन।

---

बजट में व्यक्तिगत आयकर दरों में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन यानी मानक कटौती को पचास हजार रुपए से बढ़ाकर पचहत्तर हजार रुपए कर दिया गया है। पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को पंद्रह हजार रुपए से बढ़ाकर पच्चीस हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। नई कर व्यवस्था में कर दर संरचना में भी बदलाव किये गये हैं। इससे वेतनभोगी कर्मचारी को आयकर में सत्रह हजार पांच सौ रुपए तक की बचत होगी।

---

बजट में किये गये प्रावधानों से सोना, चांदी और प्लैटिनम जैसे बहुमूल्य धातु सस्ते हो जायेंगे। सोना-चांदी पर सीमा शुल्क हटाकर छह प्रतिशत तथा प्लैटिनम पर सीमा शुल्क घटाकर छह दशमलव चार प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। वहीं, कैंसर की तीन दवाएं भी सस्ती होंगी। इसके अलावा मोबाईल फोन और इसके पुर्जे, कपड़े, जूते तथा सोलर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जायेंगे। वहीं, बजटीय प्रावधानों से दूरसंचार उपकरण, प्लास्टिक उत्पाद तथा रसायन और पेट्रो केमिकल उत्पादों के मूल्य वृद्धि होगी।

---

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में पुलिस ने सभी चार आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन की रिमांड पर लिया है। कल पुलिस ने अदालत में रिमांड के लिए आवेदन दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

---

राजधानी पटना के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी। दीघा एम्स एलिवेटेड रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, कंकड़बाग, फतुहा और पुनपुन थाना क्षेत्रों में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के आम बजट से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सीतारामन ने अपना सातवां और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। बेरोजगारों, मध्य वर्ग पर मेहरवानी।

**दैनिक जागरण** ने बजट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिक्रिया को प्रमुखता देते हुए लिखा है – केन्द्रीय बजट में बिहार की जरूरतों का रखा गया है ख्याल।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – सरकार ने सत्ता का समर्थन मूल्य चुकाया। बिहार को आन्ध्र से चार गुना ज्यादा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – अबकी बार बिहारे में बहार।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– बिहार पर सौगातों की बरसात।

**आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नीट परीक्षा दोबारा आयोजित नहीं करवाने के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

02. आम बजट में बिहार के लिए अंठावन दशमलव नौ हजार करोड़ रूपये के विशेष आर्थिक सहायता की घोषणा।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आम बजट विकसित भारत के लिए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट में बिहार के विकास के लिए किये गये प्रावधानों का स्वागत किया।

04. और, वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के बजट में रेलवे के लिए अब तक का सबसे अधिक दो लाख बासठ हजार दो सौ करोड़ रूपये का आवंटन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।